# COMPASSIONATE CITIZEN

DAYALU NAGRIK MANAVSEVA TRUST

PETA INDIA



## दयालु नागरिक का अर्थ और कर्तव्य

- अर्थ : दयालु नागरिक वह व्यक्ति होता है जो दूसरों के प्रति सहानुभूति और दया रखता है. वह समस्त प्राणिमात्र के कल्याण हेतु कार्यरत रहता है और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता है.

- कर्तव्य :
  1- दयालु नागरिक लोगों को एक साथ लाने और समुदाय के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है.

-
  2- जरुरतमन्द लोगों को उनकी जरूरतें पूरा करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है.

## दयालु नागरिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य :

दयालु नागरिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में “परस्परं भावयन्तः सर्वभूतहिते रतः” अर्थात हम सब परस्पर एकजुट होकर नि:स्वार्थ भावना से समस्त प्राणिमात्र के हितार्थ रत हों, के सिद्धांत को प्रतिपादित करने का प्रयास करना है.

## दयालु नागरिक बनने के लिए क्या करें

1- प्राणिमात्र के प्रति दया और सहानुभूति की भावना को विकसित करें. उनकी जरूरतों को समझें और उनकी मदद करें.

2- पर्यावरण संरक्षण में योगदान करें.

3- समाज के जरुरतमन्द लोगों की हरसम्भव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें.

4- शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज के अन्य लोगों को दयालु नागरिक बनने के लिए प्रेरित करें.

5- समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने का प्रयास करें. और रचनात्मक कार्यों को करने का हरसम्भव प्रयास करें.

6- दूसरों की भावनाओं को समझें और उनके साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा कि आप दूसरों से अपने लिए चाहते हैं.

7- नैतिक मूल्यों का पालन करें. सच्चाई, न्याय और समानता जैसे मूल्यों को अपनाएं.

8- बौद्धिक, आध्यात्मिक और सृजनात्मक दृष्टिकोण को अपनाएं.

## जानवरों के साथ अच्छा व्यवहार क्यों महत्वपूर्ण है

- जानवरों को भी हमारी तरह ही अधिकार हैं जैसे कि जीने का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार और दर्द से मुक्ति का अधिकार.
- जानवरों में भी हमारी ही तरह ही भावनाएं होती हैं. जैसे कि ख़ुशी, दुःख, डर और प्यार
- जानवरों के साथ अच्छा व्यवहार करने से पर्यावरण की सुरक्षा भी होती है क्योंकि जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में रहने देने से पर्यावरण का संतुलन बना रहता है.
- जानवरों के साथ अच्छा व्यबहार करने से समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि यह लोगों को दया, सहानुभूति और करुणा की भावना को विकसित करने में मदद करता है..

# पर्यावरण संरक्षण क्या है और क्यों जरुरी है

- **पर्यावरण संरक्षण क्या है :** पर्यावरण संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने के लिए किये जाने वाले प्रयासों का समूह है. इसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और उनका उपयोग करने के तरीके को सुधारना है. ताकि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी उपलब्ध रहें.
- **पर्यावरण संरक्षण क्यों जरूरी है :**

**1- पर्यावरण संरक्षण से हमें जीवन के लिए आवश्यक संसाधनों जैसे कि जल, वायु और भोजन की रक्षा करने में सहायता मिलती है.**

**2- पर्यावरण संरक्षण से हमें स्वस्थ रहने में सहायता मिलती है क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण से कई जानलेवा बिमारियों के फैलने का खतरा रहता है.**

**3- पर्यावरण संरक्षण से हमें जलवायु परिवर्तन को रोकने में सहायता मिलती है, जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए एक बड़ा खतरा माना जाता है.**

**4- पर्यावरण संरक्षण से हमें जैव विविधता की रक्षा करने में मदद मिलती है. जो कि पृथ्वी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है.**

# पर्यावरण संरक्षण के कुछ महत्वपूर्ण उपाय

- अधिक से अधिक वृक्ष लगायें. विशेषकर पीपल, नीम, बरगद आदि.
- जल ही जीवन है, के सिद्धांत को अपनाते हुए, जल बचाएं, उसे व्यर्थ न बहने दें.
- पौलिथिन का उपयोग न स्वयं करें और न ही दूसरों को करने दें.
- वाहनों का उपयोग कम से कम करें. अधिकांशत: साइकिल से अथवा पैदल यात्रा करें.
- कूड़ा-कचरा प्रबन्धन के विषय में जानकारी जुटाएं और समाज के अन्य लोगों को इस विषय में जानकारी दें.
- पर्यावरण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, और समय-समय पर भारतीय सरकार द्वारा चलाये जा रहे पर्यावरण सुरक्षा अभियानों में रूचि दिखाएँ और अपना यथासंभव योगदान दें.

# PETA INDIA COMPASSIONATE CITIZEN KITS के विषय में

Peta india का compassionate citizen किट एक शैक्षिक संसाधन है. जिसका उद्देश्य बच्चों को जानवरों के प्रति दया और सहानुभूति की भावना को विकसित करने में मदद करना है. ताकि वे जानवरों के अधिकारों का सम्मान करें और उनकी देखभाल करें. यह किट बच्चों को जानवरों के अधिकारों और उनकी जरूरतों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है.

- Compassionate Citizen **किट में निम्नलिखित जानकारी शामिल है.**
- **किट में जानवरों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई है, जैसे कि उनकी जरूरतों को पूरा करने का अधिकार और उनके साथ दुर्व्यवहार न करने का अधिकार.**
- **किट में जानवरों की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई है, जैसे कि उनको खाना-पीना देना, उनकी स्वच्छता का ध्यान रखना और उनको चिकित्सा सुविधा प्रदान करना.**
- **किट में जानवरों के प्रति दया और सहानुभूति की भावना को विकसित करने के लिए गतिविधियाँ शामिल हैं, जैसे कि जानवरों के बारे में कहानियां पढ़ना, जानवरों के चित्र बनाना और जानवरों के प्रति दया और सहानुभूति की भावना को व्यक्त करने के लिए अन्य गतिविधियाँ.**
- **किट में जानवरों के अधिकारों के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के लिए सामग्री शामिल है, जैसे कि पोस्टर और स्टीकर आदि.**

दयालु नागरिक बनने से हम न केवल अपने समाज को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि हम समस्त प्राणिमात्र के प्रति भी सहानुभूति और सद्भावनापूर्ण व्यवहार कर सकते हैं.




यदि आपके पास दयालु नागरिक बनने या समस्त प्राणिमात्र के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और सद्भावनापूर्ण व्यवहार करने के बारे में कोई प्रश्न या कोई सुझाव है, तो कृपया हमें dayalunagrik@gmail.com पर लिखें.